गांधी-शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित

सत्य अहिंसा के दम पर गांधी ने आजादी दिलाई

जबलपुर, (एजेंसी)। शहर (जिला) कांग्रेस के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल गांधी भवन टाउन हॉल में स्थित प्रतिमा पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज के दिन भारत में दो महान विभूतियों ने जन्म लिया एक ने सत्य अहिंसा और सत्याग्रह के दम पर देश को वर्षों की गुलामी से आजाद कराया वहीं दूसरी ओर भारत माता के दूसरे लाडले सपूत, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जिन्होंने "जय जवान" जय किसान का नारा बुलंद करते हुऐ जवान और किसान के महत्व को समझा। इस अवसर पर पार्षद अयोध्या तिवारी, मनोज नामदेव, अनुराग गढ़वाल, रज्जू सराफ, भगतराम सिंह, देवकी पटेल, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, सहित एनएसयूआई कांग्रेस, महिला कांग्रेस, के पदाधिकारी मौजूद रहे।

रेलवे ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर २ अक्टूबर को जबलपुर रेल मंडल कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा श्री शास्त्री के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करके उनके बताए मार्ग पर चलने को आज की आवश्यकता बताई।

कृषि विद्यालय में स्वच्छता अभियान

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के ६३वें स्थापना दिवस एवं महात्मा गांधी जी की जंयती के अवसर पर जनेकृविवि की समस्त इकाईयों में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, एनसीसी एवं एनएसस के समस्त छात्र-छात्राओं के साथ अटल बिहारी बाजपेयी प्रशासनिक भवन, विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर सहित विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों में पहुंचकर हाथो में झाडू थामकर साफ-सफाई की और परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

गांधी हमारे विचारों में जीवित

सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर मानवता की शांति एवं कल्याण का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी (गांधी जयंती) के अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर के नर्मदा तट पर स्थित गांधी स्मारक में महात्मा गांधी के चरणों में कोटि-कोटि नमन व्यक्त करते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस परिवार नेता सुमन कुमार जैन ने कहा कि गांधी आज भी हमारे विचारों में जीवित हैं।

व्यापारी संघ ने गांधी-शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों राष्ट्रनायकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान और सिद्धांतों को याद किया गया। कार्यक्रम में धनंजय बाजपेयी, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, विकास सेन, दिलीप रोहरा, कमल सेन, गजेंद्र, संतोष गुप्ता सहित व्यापारी संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मरीजों को फल वितरित

गांधी, शास्त्री जयंती पर युवा कांग्रेस शहपुरा विधान सभा अध्यक्ष विवेक सिंघई के नेतृतव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में मरीजों को फल व टोस्ट बिस्किट दे कर मनार्या इस कार्यक्रम में विवेक सिंघई ,मोनू जसवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम पटेल, लालू जैन, रितेश नामदेव, शेरू सिंह , नीरव सिंघई, देवांश सेगर , हर्ष जसवाल आदि युवा कांग्रेस जन उपस्थिति रहे

सफाई मित्रों को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

जबलपुर, (एजेंसी)। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों तथा पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपूर्ण पश्चिम मध्य रेल में स्वच्छता अभियान निरंतर जारी है स्वच्छता ही सेवा - २०२६ अभियान के अंतर्गत गुरुवार, ०१ अक्टूबर २०२६ को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित हेरिटेज लोको गार्डन में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वच्छता सपथ से हुआ जिसमे समस्त कार्यालयीन रेल सेवकों ने स्वच्छता सपथ का वाचन किया। इसके उपरांत रेलवे सांस्कृतिक अकादमी द्वारा प्रस्तुत स्वच्छता आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ, जिसमें स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके पश्चात कु. रिया मंडल एवं कु. अनन्या सोलंकी द्वारा योग के प्रेरणादायी आसन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इस अवसर परस्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यालय के ५५ सफाई कर्मियों (सफाई मित्रों) को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके समर्पण और सेवाओंका अभिनंदन किया गया।

भोपालकी लोअर लेकमें रोज ८ एमएलडी गंदा पानी

भोपाल, (एजेंसी)। भोपाल शहर की लोअर लेक में सीवेज के सीधे प्रवाह और वेटलैंड की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सख्ती दिखाई है। सुनवाई में सामने आया कि पहले चिन्हित ३७ नालों को एसटीपी की ओर मोड़ने के बावजूद दो नालों से करीब ८ एमएलडी अनुपचारित सीवेज रोज लोअर लेक में पहुंच रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक बंगंगा नाले से करीब छह एमएलडी और पुराने मछली घर के पास बंगंगा नाला क्षेत्र से करीब दो एमएलडी सीवेज झील में जा रहा है। मामला राष्ट्रीय हरित अधिकरण की सेंट्रल जोन पीठ, भोपाल में राशिद नूर खान बनाम कलेक्टर, भोपाल एवं अन्य के रूप में चल रहा है। सुनवाई न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ के समक्ष हुई। आवेदक राशिद नूर खान की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने पैरवी की।

पिछली सुनवाई में अधिकरण ने पाया था कि क्षेत्र में निकलने वाले अपशिष्ट जल के उपचार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण अनुपचारित पानी सीधे जलस्रोत में पहुंच रहा है। इसके बाद मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नगर निगम के खिलाफ पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की गणना करने के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई में पेश रिपोर्ट के अनुसार लोअर लेक में पहले चिन्हित ३७ नालों को इंटरसेप्ट कर एसटीपी की ओर मोड़ दिया गया है। इसके बावजूद दो नालों से अनुपचारित सीवेज का प्रवाह जारी है। इससे रोज करीब ८० लाख लीटर गंदा पानी झील में पहुंचने का दावा रिपोर्ट में किया गया है।

२.१० करोड़ रुपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का आकलन

२१ महीने में २.१० करोड़ रुपये का हिसाब

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई रिपोर्ट में अधिकरण के पूर्व आदेशों के आधार पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का आकलन किया गया है। इसमें ३१ मार्च २०२६ से ३१ दिसंबर २०२७ तक २१ महीने की अवधि और दो नालों को आधार बनाया गया है। प्रति नाला प्रति माह पांच लाख रुपये की दर से गणना की गई। इस तरह दो नालों के लिए २१ महीने में राशि २.१० करोड़ रुपये होती है। हालांकि, यह अधिकरण की ओर से तय अंतिम क्षतिपूर्ति नहीं है। राशि का अंतिम निर्धारण उल्लंघनकी वास्तविक अवधि, उपचार व्यवस्था और संबंधित तथ्यों के सत्यापन के बाद होना है।

१० एमएलडी का एसटीपी दिसंबर २०२७ तक होगा तैयार

नगर निगम की ओर से बताया गया कि इन दोनों स्रोतों से आने वाले सीवेज के उपचार के लिए १० एमएलडी क्षमता के एसटीपी का काम ११ सितंबर २०२६ से शुरू किया गया है। इसे ३१ दिसंबर २०२७ तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर भी सवाल है कि एसटीपी तैयार होने तक लोअर लेक में जा रहे करीब आठ एमएलडी अनुपचारित सीवेजको रोकने की तत्काल व्यवस्था क्या है।

पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव को बनाया पक्षकार

सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से बताया गया कि सीवेज उपचार और झील के विभिन्न हिस्सों के रखरखाव में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की भी भूमिका है। इस पर अधिकरण ने विभाग के प्रमुख सचिव को मामले में आवश्यक पक्षकार के रूप में शामिल किया। विभाग को आवेदन और संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराकर १५ दिन में जवाब और कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम को भी वेटलैंड की सुरक्षा, जलस्रोतों में अनुपचारित या अपशिष्ट जल के प्रवाह को रोकने और अवैध निर्माण हटाने के संबंध में १५ दिन में जवाब तथा कार्रवाई रिपोर्ट देनी होगी।

वेटलैंड में निर्माण का मामला भी उठा

आवेदक की ओर से विभिन्न निर्माणों और उनके संबंध में अनुपालन रिपोर्ट पेश नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। अधिकरण ने संबंधित पक्षों को आवेदन की प्रति उपलब्ध कराने और जवाब या आपत्ति दाखिल करने का अवसर दिया है। वेटलैंड के भीतर किसी भी अनधिकृत निर्माण को रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं।

गांधी और शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

बुरहानपुर, (एजेंसी)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर शहर द्वारा गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी पार्षद एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के देश के प्रति योगदान को याद किया गया। कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष रिंकू टॉक ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सादगी के मार्ग पर चलते हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी और ईमानदारी का जीवन जीते हुए देश की सेवा की। उनका दिया हुआ 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है। दोनों महापुरुषों को आज श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। कांग्रेस मीडिया प्रभारी तफज्जुल मुलायमवाला ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणादायी है। उनके विचारों और देश के प्रति योगदान को याद करते हुए कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शामिल हुए रिंकू टाक हमिद काज़ीठाकुर सुरेंद्र सिंह श्रीमती अनिता यादव इन्द्रसेन देशमुख अजय रघुवंसी तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला सतीश अग्रवाल पार्षद अहफ़ाज़ मुज्जु मीर आरिफ खान ज़ाहिर अब्बास हूजेफा मुलायमवाला फरीद क़ाज़ी, कैलाश यावतकर

डॉ इमरान मोहम्मद मर्जेंटदेवेश्वर ठाकुर अरुण महाराज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदा धिकारी सक्रिय साथी उपस्थित हुए!

रांझी में अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

११२ पेटियों से ९६ बोतल व ५१८० पाव शराब जब्त, कीमत ५.३२ लाख रुपये

जबलपुर, (एजेंसी)। रांझी पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल ११२ पेटियों में ९६ बोतल अंग्रेजी शराब, ७३० पाव अंग्रेजी शराब और ४४५० पाव देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कुल कीमत करीब ५ लाख ३२ हजार ५८० रुपये बताई गई है। मामले में एक अन्य आरोपी रवि उर्फ बल्लू पटवा फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार १ अक्टूबर को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि रवि उर्फ बल्लू पटवा ने गांधी व्यायामशाला क्षेत्र में अलग-अलग मकानों के कमरों को किराये पर लेकर भारी मात्रा में शराब छिपाकर रखी है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद थाना प्रभारी रांझी उमेश कुमार गोल्हानी के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर बताए गए स्थानों पर एक साथ दबिश दी गई।

पहली टीम ने महेश यादव के मकान की तलाशी ली। दूसरे कमरे में ४७ कार्टूनों में २३५० पाव देशी शराब तथा आठ कार्टूनों में ९६ बोतल ८ पीएम व्हिस्की मिली। पूछताछ में महेश यादव ने बताया कि यह शराब रवि उर्फ बल्लू पटवा की है और उसने कमरा शराब रखने के लिए दो हजार रुपये मासिक किराये पर लिया था। पुलिस ने कुल ४९५ लीटर शराब, कीमत करीब २ लाख ५० हजार ६६० रुपये जब्त की।

दूसरी टीम ने माया चौबे के मकान के ऊपर बने कमरे में दबिश दी। यहां ४० कार्टूनों में २००० पाव देशी शराब, कीमत करीब १ लाख ८४ हजार रुपये, बरामद हुई। मकान मालिक माया चौबे ने पुलिस को बताया कि रवि उर्फ बल्लू पटवा ने कमरा तीन हजार रुपये मासिक किराये पर लिया था।

तीसरी टीम ने हेरी सवास्टीन के मकान में कार्रवाई की। यहां जॉनी एंथोनी मिला। तलाशी के दौरान १४ कार्टूनों में ७०० पाव तथा एक कार्टून में ३० पाव बॉम्बे रम और दो कार्टूनों में १०० पाव देशी शराब मिली। पुलिस ने कुल ८३० पाव शराब, जिसकी कीमत करीब ९८ हजार १२० रुपये है, जब्त की।

पुलिस ने मामले में महेश यादव और जॉनी एंथोनी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं रवि उर्फ बल्लू पटवा के खिलाफ भी धारा ३४(२) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उमेश कुमार गोल्हानी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक गनपत मसराम, मनीष कुमार जाटव, सुभाष चंद बागरी, प्रधान आरक्षक पुरुषोत्तम अहिरवार, चंद्रभान सिंह, हरिओम, विनोद सिंह, आरक्षक रवि पंचेश्वर, अभिषेक मिश्रा, मनीष अहिरवार, राहुल मलगाम, दिनेश भावरे, राहुल दुबे, हरिशंकर, चेतेन्द्र और आलोक की भूमिका रही।

कोरियर के नाम पर ६४ हजार की आनलाइन ठगी

फोन आया-आपका कोरियर है... आधार कार्ड लिया, फिर खातेसे उड़ाए ६४ हजार

जबलपुर, (एजेंसी)। साइबर ठगों ने कोरियर आने का झांसा देकर महिला से ६४ हजार रुपये ठग लिए। घमापुर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बरऊ मोहल्ला निवासी ३४ वर्षीय रंजीता केवट के मोबाइल पर २५ सितंबर को अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को कोरियर कंपनी से बताते हुए महिला से आधार कार्ड की फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को कहा। इसके बाद ठग ने एक स्कैनर भेजा और उसके कहने पर महिला ने २९ हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

इसके बाद अलग-अलग बार १० हजार, ११ हजार और १४ हजार रुपये और ट्रांसफर कराए गए। ठग ने फिर ३० हजार रुपये भेजने को कहा और रकम नहीं देने पर कोरियर वापस होने की बात कही। इस तरह महिला से कुल ६४ हजार रुपये पेटीएम के माध्यम से ट्रांसफर करा लिए गए। पुलिस ने धारा ३१८(४) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

बैंक खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए ७७ हजार

पनागर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात साइबर ठगों ने महिला के बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए ७७ हजार ५२४ रुपये से अधिक की रकम निकाल ली। ग्राम कसही निवासी संदीप गड़ारी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी कामिनी गड़ारी के बैंक ऑफ इंडिया पनागर शाखा के खाते से २५ सितंबर को १.८० रुपये कटने का मैसेज आया। उन्होंने इसे बैंक की मैसेज सुविधा का शुल्क समझ लिया। अगले दिन अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर व्हाट्सएप पर आने वाले मैसेज को डिलीट करने की बात कही। इसके बाद खाते से लगातार १० हजार, २० हजार, १० हजार, २० हजार, ९,९९९ रुपये सहित अलग-अलग रकम निकाली गई। कुल ७७,५२४.७० रुपये खाते से निकल गए।

पुलिस ने धारा ३१८(४) बीएनएस और ६६(डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

फोनपे से ९९ हजार ९०० रुपये उड़ाए

माढ़ोताल थाना क्षेत्र में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। खजरी बायपास निवासी २३ वर्षीय रोहित मेहरा के खाते से ९९ हजार ९०० रुपये निकाल लिए गए। पुलिस के अनुसार रोहित ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत की थी। जांच के दौरान उसने बताया कि २७ सितंबर की रात करीब १० बजे उसके मोबाइल पर लगातार मैसेज आने लगे। उसने फोनपे पर अकाउंट चेक किया तो खाते से कुल ९९ हजार ९०० रुपये कट चुके थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा ३१८(४) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर साइबर ठगी की जांच शुरू कर दी है।

स्कूटी पर बैठाया, रास्ते में लूटी सोने की चेन

जबलपुर, (एजेंसी)। विजयनगर थाना क्षेत्र में दो युवकों ने पहले बुजुर्ग को स्कूटी पर लिफ्ट दी और रास्ते में सुनसान स्थान पर ले जाकर रुपये व सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मिथलापुरी निवासी ६३ वर्षीय राकेश कुमार जैन ने पुलिस को बताया कि ३० सितंबर की रात करीब ११.३० बजे वह दमोहनाका चौराहे पर ऑटो का इंतजार कर रहे थे। तभी सफेद रंग की एक्सिस स्कूटी पर दो युवक आए और विजयनगर जाने की बात सुनकर उन्हें दीनदयाल तक छोड़ने की बात कही।दोनों उन्हें कृषि मंडी के पहले वत्सला पैराडाइज वाले रास्ते से बबेले प्रापर्टी के पास ले गए। वहां रुपये मांगे तो उन्होंने १०० रुपये दिए। आरोपियों ने धमकाकर तीन हजार रुपये ले लिए। मोबाइल से फोटो खींचने की कोशिश करने पर एक आरोपी ने मोबाइल गिरा दिया और गले से सोने की चेन व लॉकेट छीन लिया। पुलिस ने धारा ३०९(४), ३(५) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

परीक्षार्थियोंकी एक्टिवाकी डिक्की खोलकर चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

६ मोबाइल, सोने का लाकेट, १७ हजार रुपये, पल्सर और मास्टर चाबियां बरामद

जबलपुर, (एजेंसी)। माढ़ोताल पुलिस ने परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े परीक्षार्थियों के वाहनों की डिक्की मास्टर चाबी से खोलकर मोबाइल, नकदी और अन्य सामान चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से ६ मोबाइल, सोने जैसा धातु का एक लॉकेट, १७ हजार रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल और मास्टर चाबियां बरामद की गई हैं।

पुलिस के अनुसार २४ सितंबर को समदड़िया कॉलोनी निवासी प्राची भोसले परीक्षा देने ग्लोबल कॉलेज पहुंची थीं। परीक्षा दोपहर १ से शाम ४ बजे तक थी। उन्होंने अपना मोबाइल और सोने का लॉकेट एक्टिवा की डिक्की में रख दिया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद लौटने पर डिक्की खोलने पर मोबाइल और लॉकेट गायब मिले। आसपास खड़े अन्य परीक्षार्थियों के वाहनों की डिक्कियों से भी मोबाइल, नकदी और एटीएम कार्ड चोरी होने की जानकारी सामने आई।

रिपोर्ट पर माढ़ोताल थाने में अपराध क्रमांक ८१४/२६ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिरों को सक्रिय किया। फुटेज के आधार पर प्रतीक उर्फ गोलू सोनी (३८), निवासी मानस बिहार कॉलोनी लमती, थाना विजय नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पल्सर मोटरसाइकिल से ग्लोबल कॉलेज के पास पहुंचा था। वहां उसने मास्टर चाबियों से करीब ८ से १० खड़े वाहनों की डिक्कियां खोलने का प्रयास किया। इनमें से ५-६ वाहनों के लॉक खुल गए। आरोपी ने इन डिक्कियों से ६ मोबाइल, एक लॉकेट, एटीएम कार्ड और ७,५०० रुपये नकद चोरी किए। इसके बाद चोरी किए गए एटीएम कार्ड के माध्यम से १० हजार रुपये और निकालने की बात भी पुलिस को बताई। आरोपी की निशानदेही पर उसके घर में पलंग के अंदर छिपाकर रखे ६ मोबाइल, लॉकेट और १७ हजार रुपये नकद बरामद किए गए। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी २० एमएच ९४८३ और मास्टर चाबियां भी जब्त की गईं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, लूट और चोरी सहित कई मामले पहले से दर्ज हैं

नई योजना आ गई, लेकिन मनरेगा का ६ हजार करोड़ का हिसाब बाकी; अटके भुगतान से गांवों के काम सुस्त

मप्र में पुरानी मनरेगा के सवा ५ लाख से ज्यादा काम प्रभावित; सामग्री का पैसा नहीं मिलने से सप्लायरों के भुगतान अटके, नई वीबी-जी राम-जी में अभी करीब १० हजार काम ही स्वीकृत

भोपाल, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में मनरेगा की जगह नई ग्रामीण रोजगार योजना लागू हुए करीब तीन महीने होने जा रहे हैं, लेकिन पुरानी योजना का हिसाब अभी पूरा नहीं हो पाया है। मनरेगा के पहले से स्वीकृत और चल रहे कार्यों का करीब ६ हजार करोड़ रुपये केंद्र से लंबित है। इसका सबसे बड़ा असर निर्माण सामग्री से जुड़े भुगतान पर पड़ रहा है। नतीजा यह है कि गांवों में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी हो रही है और जिन सप्लायरों ने पंचायतों को सामग्री उपलब्ध कराई है, उनका भुगतान भी अटका हुआ है।

नई योजना विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम-जी शुरू हो चुकी है, लेकिन पुरानी मनरेगा के लंबित भुगतान ने संक्रमण काल को मुश्किल बना दिया है। राज्य सरकार की ओर से केंद्र से राशि जारी करने के लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा है। अधिकारियोंकी टीम भी दिल्ली जाकर मामलेमें चर्चा कर चुकी है।

पुरानी देनदारी का असर नए कामों पर

मनरेगा के तहत प्रदेश में अभी सवा पांच लाख से ज्यादा काम चल रहे हैं। इनमें करीब ३.४० लाख काम आवास से संबंधित हैं। इन कार्यों में मजदूरी के साथ निर्माण सामग्री पर भी खर्च होता है। सामग्री मद का भुगतान लंबित होने से उन कार्यों की गति प्रभावित हो रही है, जिनमें सीमेंट, रेत, गिट्टी और दूसरी सामग्री की जरूरत है। कई जगह काम धीमा हुआ है तो कुछ काम रुकने की स्थिति में पहुंच गए हैं। यानी समस्या सिर्फ सरकारी खाते में लंबित भुगतान की नहीं है। इसका असर पंचायत स्तरपर चल रहे निर्माण कार्यों, स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और संबंधित एजेंसियोंकी भुगतान श्रृंखला पर भी पड़ रहा है।

सप्लायरों का पैसा फंसा तो निर्माण की रफ्तार भी थमी

मनरेगा में सामग्री उपलब्ध कराने वाले सप्लायरों को भुगतान नहीं मिलने का सीधा असर आगे की आपूर्ति पर पड़ सकता है। पुराने भुगतान अटकने से नए निर्माण कार्यों के लिए सामग्री उपलब्ध कराने में भी दिक्कत आती है। इसलिए छह हजार करोड़ रुपये की लंबित राशि का सवाल सिर्फ केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय समन्वय का मामला नहीं रह गया है। इसका संबंध गांवों में चल रहे निर्माण कार्यों की गति से भी जुड़ गया है।

नई योजना में अभी सिर्फ १० हजार काम

दूसरी तरफ मनरेगा के स्थान पर लागू वीबी-जी राम-जी में प्रदेश में अभी करीब १० हजार काम ही स्वीकृत हुए हैं। यानी एक तरफ पुरानी योजना के लाखों काम पूरे करने का दबाव है, दूसरी तरफ नई योजना के तहत कामकाज का विस्तार अभी शुरुआती चरण में है। राज्य सरकार का लक्ष्य मनरेगा के पुराने कामों को जल्द पूरा करना है, लेकिन जब पुराने कामों की सामग्री मद की राशि ही लंबित हो, तो उन्हें समय पर पूरा करना चुनौती बन रहा है।

पूरी राशि एक साथ मिलने की उम्मीद कम

राज्य को केंद्र से लंबित राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन एक साथ पूरी करीब छह हजार करोड़ रुपये की राशि जारी होने की संभावना कम मानी जा रही है। ऐसे में भुगतान चरणबद्ध तरीके से मिलने की स्थिति में पुराने कामों की रफ्तार सामान्य होने में समय लग सकता है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी इस मामले में केंद्र के अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं।

नई व्यवस्था में भुगतान की शर्तें भी सख्त

वीबी-जी राम-जी में भुगतान की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सत्यापन आधारित रखी गई है। गड़बड़ी रोकने के लिए श्रमिकों और उनके काम के सत्यापन की प्रक्रिया को सख्त किया गया है। श्रमिकों का ई-केवायसी सत्यापित होने के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इससे नई योजना में पारदर्शिता बढ़ाने का प्रयास है, लेकिन शुरुआती दौर में सत्यापन की प्रक्रिया प्रशासन के लिए अतिरिक्त चुनौती भी बन सकती है।

गांवों में दोहरी चुनौती

ग्रामीण विकास के मोर्चे पर फिलहाल स्थिति दो स्तरों पर चुनौतीपूर्ण है। एक तरफ मनरेगा के पुराने कामों का करीब छह हजार करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है, वहीं दूसरी तरफ नई वीबी-जी राम-जी योजना में अभी कामों की संख्या सीमित है। इसलिए आने वाले दिनों में सबसे अहम सवाल यह होगा कि पुरानी देनदारी कितनी जल्दी निपटती है और नई योजना के तहत कितनी तेजी से नए काम जमीन पर उतरते हैं। फिलहाल गांवों में विकास का पहिया नई योजना से नहीं, पुराने भुगतान के इंतजार से भी प्रभावित हो रहा है।

वाहन चोरी में अभिषेक गिरफ्तार

फैजान फरार, आधा दर्जन वाहन जब्त

शहर के कई इलाको में की थी वारदातें

भोपाल, (एजेंसी)। शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओ के बीच थाना स्टेशन बजरिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आधा दर्जन दो पहिया वाहन जप्त किये है। पकड़ाये गये आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर शहर के अलग-अलग थाना इलाको से वाहन चोरी किये थे। फिलहाल पुलिस नेमुख्य आरोपी अभिषेक अहिरवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं उसके साथी फैजान की तलाश की जा रही है।थाना प्रभारी थाना महेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया की बीती २९ सिंतबर को स्टेशन रोड़ बजरिया में रहने वाले जयपाल सिंह ने अपनी शिकायत में बताया की उनके घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। मामलाक कायम कर पुलिस ने अज्ञात आरोपी का सुराग जुटाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले। फुटेज में हाथ लगे सुरागो के आधार पर टीम ने मुखबिरो से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही आरोपी को बुधवार शाम थाना ऐशबाग इलाके से उस समय दबोच लिया जब वह चोरी की गई बाइक को बेचने की फिराक में खड़ा था। पूछताछ में उसकी पहचान अभिषेक अहिरवार उर्फ प्रिंस पिता पिप्पल सिंह अहिरवार (१९) निवासी जगन्नाथ कालोनी, ऐशबाग के रुप में हुई। जॉच में सामने आया की उसके पास मौजूद बाइक थाना स्टेशन बजरिया से चोरी की गई थी। आगे की पूछताछ में आरोपी अभिषेक ने खुलासा किया की उसने यह बाइक अपने साथी फैजान खान निवासी अशोका गार्डन के साथ मिलकर चोरी की थी। इसके साथ ही उसने शहर के थाना स्टेशन बजरिया,अशोका गार्डन और ऐशबाग थाना इलाको से भी पाँच और दो पहिया वाहन अपने साथी फैजान के साथ मिलकर चोरी किये है। उसकी निशानदेही पर टीम ने आधा दर्जन दो पहिया वाहनों को अशोका गार्डन,ऐशबाग,जहाँगीराबाद इलाको के अलग-अलग स्थानो से बरामद कर लिया है। कार्यवाही के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

गोहलपुर थाने के बाहर धरना, टीआई से नोकझोंक

जबलपुर, (एजेंसी)। गोहलपुर थाना क्षेत्र में वाहन हटाने को लेकर पुलिसकर्मी पर कथित तौर पर २० हजार रुपये मांगने और अभद्रता किए जाने के आरोप के बाद अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को गोहलपुर थाने के बाहर धरना शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं ने संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

जानकारीके अनुसार अधिवक्ता आशीष पटेलके परिवार की एक गाड़ी बायपास मुख्य मार्ग पर तकनीकी खराबी अथवा डीजल खत्म होने के कारण बंद हो गई थी। मौके पर पहुंची एफआरवी में तैनात आरक्षक रंजीत कुमार यादव ने वाहन को सड़क से हटाने के लिए कहा। अधिवक्ताओंका आरोप है कि मैकेनिक बुलाकर वाहन हटानेकी बात कहनेके बावजूद आरक्षकने वाहन थाने ले जानेकी बात कहते हुए २० हजार रुपयेकी मांग की।

रसीद मांगने पर विवाद

अधिवक्ताओं के मुताबिक उन्होंने यदि चालान की राशि है तो उसकी आधिकारिक रसीद देने की बात कही, लेकिन रसीद देने से इनकार किया गया। इसके बाद वाहन की चाबी लेकर उसे नो-एंट्री क्षेत्र से होते हुए गोहलपुर थाने के बाहर खड़ा कर दिया गया। बाद में पुलिस द्वारा ५ हजार रुपये का चालान काटकर रसीद दिए जाने की बात सामने आई। अधिवक्ताओं ने पुलिसकर्मियों पर अभद्र भाषा और गाली-गलौज करने का भी आरोप लगाया है।

घटना के विरोध में बड़ी संख्या में अधिवक्ता थाने के बाहर एकत्र होकर धरने पर बैठ गए। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान थाना प्रभारी रितेश पांडे और अधिवक्ताओं के बीच नोकझोंक हुई। अधिवक्ता गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि चालान की राशि की रसीद तो दी गई, लेकिन कथित अभद्रता, गाली-गलौज और वाहन को जबरन नो-एंट्री क्षेत्र में ले जाने के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की जा रही है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि मामले की जानकारी थाना प्रभारी और सीएसपी सहित वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई और एफआईआर दर्ज होने तक उनका विरोध जारी रहेगा।

मप्र को तीन प्रांतों की जगह सात संभागों में बांटने की योजना

संघ के १०० साल बाद बदलेगा संघटन का स्वरूप, इंदौर में तय होगा आगे का स्वरूप

भोपाल, (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के १०० वर्ष पूरे करने के बाद संगठन के संचालन ढांचे में बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इंदौर में ३ से ५ अक्टूबर तक होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में संघ के मौजूदा संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा के साथ प्रस्तावित नई व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित देश के सभी ४६ प्रांतों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ यह भी देखा जाएगा कि शाखा विस्तार, सामाजिक गतिविधियों और संगठन के अभियानों को आगे किस ढांचे के जरिए संचालित किया जाए। मध्य प्रदेश में प्रस्तावित बदलाव खास तौर पर महत्वपूर्ण होगा। अभी संघ की दृष्टि से प्रदेश मध्य भारत, मालवा और महाकौशल तीन प्रांतों में विभाजित है। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश को एकीकृत संरचना में रखते हुए भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर और रीवा सात संभागों में बांटने की योजना बताई जा रही है।

प्रत्येक संभाग की जिम्मेदारी संभाग प्रचारक को देने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही मौजूदा प्रांतीय कार्यकारिणी की जगह राज्य टोली के जरिए संचालन की व्यवस्था पर भी चर्चा हो सकती है। यदि यह ढांचा लागू होता है तो मध्य प्रदेश में संघ की जिम्मेदारियों और रिपोर्टिंग सिस्टम का स्वरूप बदल जाएगा। संघ के संगठनात्मक ढांचे में प्रस्तावित बदलाव का सबसे बड़ा असर क्षेत्रीय जिम्मेदारियों पर पड़ सकता है। मौजूदा व्यवस्था में प्रांत प्रचारक स्तर पर संगठन का संचालन होता है। प्रस्तावित मॉडल में संभाग प्रचारक व्यवस्था लाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि नई व्यवस्था को अगले वर्ष मार्च से लागू करने की तैयारी है। हालांकि इसका अंतिम स्वरूप और जिम्मेदारियों का बंटवारा इंदौर की बैठक में होने वाले विमर्श के बाद स्पष्ट होगा। इस बदलाव के पीछे संगठन को छोटे भौगोलिक क्षेत्रों में अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने और स्थानीय गतिविधियों की निगरानी को मजबूत करने की कवायद मानी जा रही है।

शताब्दी वर्ष के बाद संगठन की अगली प्राथमिकताएं

संघ ने अक्टूबर २०२५ में स्थापना के १०० वर्ष पूरे किए थे। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम विजयादशमी, २० अक्टूबर तक चलने हैं। ऐसे में इंदौर की बैठक शताब्दी वर्ष के अंतिम चरण में हो रही महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल है। बैठक में पिछले एक वर्ष के दौरान चलाए गए कार्यक्रमों और अभियानों की समीक्षा होगी। शाखाओं के विस्तार, सामाजिक क्षेत्र में गतिविधियों और विभिन्न प्रांतों में संगठन के कामकाज की रिपोर्ट भी रखी जाएगी। जुलाई में कर्नाटक के बेलगावी में हुई अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में संगठन विस्तार और शताब्दी वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा हुई थी। इंदौर में होने वाली बैठक को उसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने वाली बैठक के रूप में देखा जा रहा है। यानी इंदौर की बैठक का फोकस केवल शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा तक सीमित नहीं रहेगा। संगठन का क्षेत्रीय ढांचा किस तरह बदलेगा, जिम्मेदारियां किस स्तर पर तय होंगी और शताब्दी वर्ष के बाद संघ की गतिविधियों को किस संरचना में आगे बढ़ाया सवालों पर होने वाली चर्चा महत्वपूर्ण होगी।

केरवा जलाशय की सीमा, पूर्ण जलभराव स्तर और बफर क्षेत्र का तीन सप्ताह में ड्रोन सर्वे और जमीनी सत्यापन कराने के निर्देश

भोपाल, (एजेंसी)। केरवा जलाशय की वास्तविक सीमा, पूर्ण जलभराव स्तर और बफर क्षेत्र को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण, भोपाल ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। अधिकरण ने तीन सप्ताह के भीतर पूर्ण जलभराव स्तर और बफर क्षेत्र का अंतिम निर्धारण करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जल संसाधन विभाग के उपलब्ध रिकॉर्ड, समोच्च मानचित्र, स्थलाकृतिक मानचित्र और जलाशय की ऊंचाई को आधार बनाया जाएगा। इसके साथ ही ड्रोन सर्वे, उपग्रह तस्वीरों और जमीनी सत्यापन के जरिए मौके की वास्तविक स्थिति भी दर्ज की जाएगी। उपलब्ध पुराने रिकॉर्ड के मुताबिक केरवा जलाशय का जलमग्न क्षेत्र करीब ४६२.१५० हेक्टेयर है। इसकी सीमा को १०८० कंक्रीट ब्लॉक और खंभों से चिह्नित किया गया था। अब भौतिक सत्यापन के दौरान यह भी जांच होगी कि इनमें से कितने सीमा-चिह्न मौके पर मौजूद हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है।

पर्यावरणविद् राशिद नूर खान ने बताया कि पूर्व जांच में केरवा जलाशय क्षेत्र में ३३ अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे। इनमें १८ सरकारी और १५ निजी भूमि से संबंधित संरचनाएं बताई गई थीं। अब ड्रोन सर्वे और जमीनी सत्यापन से यह पता लगाया जाएगा कि पहले चिन्हित किए गए अतिक्रमणों में से कितने अभी मौके पर मौजूद हैं और उनकी वास्तविक स्थिति क्या है। अधिकरणने सर्वे और सत्यापनके आधारपर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर अगली सुनवाई में पेश करने के निर्देश दिए हैं।

रक्तदान-महादान का संदेश, मुकेश मरावी बने बेस्ट टेक्नीशियन

जबलपुर, (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर १ अक्टूबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना और रक्तदान को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना रहा। कार्यक्रम में ब्लड बैंक में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले मुकेश मरावी को 'बेस्ट टेक्नीशियन अवार्ड-२०२६' से सम्मानित किया गया।